>

Title: Subsidence of land in Jigani village of Bundelkhand, U.P.

श्री राजनारायन बुधौलिया (हमीरपुर,उ.प्र.): उपाध्यक्ष महोदय, राठ तहसील के ग्राम जिगनी में धंसान नदी से एक किलोमीटर पहले ढाई से आठ फीट की चौड़ाई में लगभग दस किलोमीटर तक की धरती अचानक फट गई है, जिसके कारण वहां की जनता में भय व्याप्त है। इस तरह की घटनाएं ग्राम खण्डेह और ग्राम परछा में भी घटित हुई हैं। इससे भयभीत होकर वहां के लोग पलायन करने को मजबूर है। मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि एक केन्द्रीय सर्वेक्षण दल बुंदेलखण्ड के प्रभावित जिलों में भेजकर सर्वेक्षण करवाकर, इस प्रकार की प्राकृतिक आपदा को रोकने के लिए उचित कदम उठाने की कृपा करें।